राजनांदगांव जिले के प्रमुख पुरातात्विक एवं पर्यटन स्थल

क्रमांक	पुरातात्विक / पर्यटन स्थल	स्थान	विशिष्टता	राजनांदगांव से दूरी कि.मी.में
01	02	03	04	05
01	शिवमंदिर	गण्डई (टिकरीपारा)	शिवमंदिर भूमिज में पूर्वाभिमुखी निर्मित है। यह मंदिर स्थापत्य कला की दृष्टि से उच्चकोटि का है। (काल 13–14 वीं शती ई.)	74 किलोमीटर उत्तर दिशा
02	शिवमंदिर (नव उत्खनित)	घटियारी	स्थापत्य कला की दृष्टि से मात्र–अधिष्ठान तथा गर्भगृह शेष है। (काल 11–12 वीं शती ई.)	79 किलोमीटर
03	नर्मदा कुण्ड	नर्मदा	यहां प्राकृतिक जल स्त्रोत (जलकुण्ड) है। मराठा कालीन पंचायतन शैली का मंदिर है।	62 किलोंमीटर
04	मण्डीप खोल	ठाकुरटोला	यहां प्राकृतिक गुफा एवं पानी का स्त्रोत है।	85 किलोमीटर
05	डोंगरेश्वर महादेव	जंगलपुर	धरातल से लगभग 100 फीट नीचे प्राकृतिक गुफा एवं चट्टानों से वर्ष भर पानी प्रवाहित होता रहता है।	65 किलोमीटर
06	इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय	खैरागढ़	यह भारत का एक मात्र संगीत एवं ललित कला का विश्वविद्यालय है एवं पुरातत्व संग्रहाल भी स्थापित है।	39 किलोमीटर
07	जगन्नाथ मंदिर	पांडादाह	यह राजनांदगांव रियासतकालीन बैरागी राजाओं की राजधानी थी। यहां प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ मंदिर स्थापित है।	47 किलोमीटर
08	बम्लेश्वरी मंदिर	डोंगरगढ़	पहाड़ी में स्थित बगुलामुखी (बम्लेश्वरी) शारदीय एवं वासंतीय नवरात्रि में भव्य मेला आयोजित किया जाता है।	40 किलोमीटर
09	रियासत कालीन महल	राजनांदगांव	यहॉ रियासतकालीन भव्य महल है जिसमें वर्तमान में शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय संचालित हैं। महल के पार्श्व भाग में त्रिवेणी संग्रहालय स्थापित है तथा महल सरोवर से आवृत है।	0 किलोमीटर
10	प्राकृतिक गुफा	अम्बागढ़ चौकी	यह स्थान अम्बागढ़ चौकी तहसील मुख्यालय से 13–14 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहां प्राकृतिक गुफा एवं झीलनुमा तालाब है।	65 किलोमीटर